# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

## अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी एवं ट्रेन पंक्चुवेलिटी पर हुई चर्चा

जबलपुर 06 मई। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, अमृत स्टेशनों के पुर्नविकास, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों के निर्धारण, समाप्ति क्रियान्वयन और प्रगति के लिए पश्चिम मध्य रेल के पूंजी व्यय योजना पर विस्तार से चर्चा की।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा-निर्देशों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने के हेतु कारगर उपायों पर ध्यान दिया देने की आवश्यकता है। इसके अलावा स्टेशन पुनर्विकास अधोसरंचना निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशन रि-डेवलपमेंट के कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है।

उन्होंने मंडलों को भी निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें।

श्रीमती बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सुरक्षा एवं संरक्षा और यात्री सुविधाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/074/2025 दिनांक 06.05.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर